भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1459
जिसका उत्तर मंगलवार, 08 दिसम्बर, 2015 को दिया जाना है

पीएसयू को वित्तीय सहायता

1459. डॉ. मनोज राजोरिया:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कतिपय सरकारी क्षेत्र उपक्रमों (पीएसयू) को उनके सुचारू परिचालन के लिए सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की गयी है; और

(ख) यदि हां, तो विगत दो वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इन पीएसयू को दी गई वित्तीय सहायता और इसके उपयोग की स्थिति का पीएसयू-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी० एम० सिद्देश्वर)

(क): परिणामी बजट तथा विस्तृत अनुदान मांगों के अनुसार किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के 'सुचारू परिचालन' के लिए कोई प्रावधान नहीं है। तथापि, उनकी वचनबद्ध देयताओं को पूरा करने के लिए अथवा पुनरुद्धार पैकेज/पूंजीगत व्यय के एक भाग के रूप में निधियां प्रदान करने के लिए प्रावधान है।

(ख): लागू नहीं। तथापि, गत दो वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान भारी उद्योग विभाग के अधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को जारी की गई राशि का ब्यौरा संलग्न विवरण पत्र में दिया गया है।

******

पीएसयू को वित्तीय सहायता के बारे में दिनांक 08.12.2015 के लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 1459 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण पत्र

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	**केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम का नाम**	**केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को दी गई वित्तीय सहायता**						**वित्तीय सहायता का प्रयोजन**
		वर्ष **2013-14**		वर्ष **2014-15**		**वर्ष 2015-16 (30 नबंवर, 2015 तक)**		
		योजना	**योजनेतर**	**योजना**	**योजनेतर**	**योजना**	**योजनेतर**	
1.	**हिन्दुस्तान साल्ट्स लिमिटेड (एचएसएल)**	2.00	1.84	5.75	1.96	5.00	1.00	वित्तीय सहायता केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को उनकी वचनबद्ध देयताओं को पूरा करने के लिए अथवा पुनरुद्धार पैकेज/पूंजीगत व्यय के भाग के रूप में निधियां प्रदान करने के लिए दी गई है।
2.	**हिन्दुस्तान पेपर कार्पोरेशन (कछाड़ पेपर मिल) (सीपीएम)**	47.23	0.00	268.56	0.00	50.00	0.00	
3.	**हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग कार्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी)**	0.00	182.43	0.00	47.89	0.00	0.00	
4.	**हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड (एचसीएल)**	0.00	100.26	0.00	92.71	0.00	134.56	
5.	**हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमिटेड (एचएमटी)**	228.46	110.64	0.00	279.82	0.00	83.61	
6.	**स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड (एसआईएल)**	51.90	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	
7.	**त्रिवेणी स्ट्रक्चर्ल्स लिमिटेड (टीएसएल)**	0.00	3.21	0.00	0.00	0.00	0.00	
8.	**तुंगभद्रा स्टील प्रॉडक्ट्स लिमिटेड (टीएसपीएल)**	0.00	3.97	0.00	1.73	0.00	2.84	
9.	**हिन्दुस्तान फोटोफिल्म्स मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड (एचपीएफ)**	0.00	27.30	0.00	12.53	0.00	23.50	
10.	**हिन्दुस्तान पेपर कार्पोरेशन लिमिटेड (नगालैंड पल्प एंड पेपर कार्पोरेशन) (एनपीपीसी)**	158.50	83.49	0.00	6.18	0.00	10.46	
11.	**नेपा लिमिटेड**	8.10	51.25	50.00	34.91	50.99	0.00	
12.	**जगदीशपुर पेपर मिल्स लिमिटेड (जेपीएमएल)**	0.00	0.00	18.00	0.00	0.00	0.00	